



# राहुल की मौत के खिलाफ आक्रोश

## सिटी केयर हॉस्पिटल सील करे शासन, दी श्रद्धांजलि

**भोपाल, 12 अगस्त. राजधानी में आठ अगस्त को हुए राहुल साहू मौत कांड ने शहर को झकझोर दिया है. रिशालदार कॉलोनी छोला निवासी 36 वर्षीय राहुल साहू की सिटी केयर हॉस्पिटल में कथित तौर पर गलत इंजेक्शन लगने से मौत के बाद आक्रोश चरम पर है. मंगलवार शाम परिजन, सामाजिक संगठन, व्यापारी और स्थानीय नागरिक कैंडल व मोबाइल टॉर्च की रोशनी में शांतिपूर्ण मार्च निकालकर दोषियों को कड़ी सजा की मांग करते दिखे. मार्च राहुल के घर से शुरू होकर छोला चौराहे तक पहुंचा.**

**समाज और व्यापारिक संगठनों का प्रशासन को अल्टीमेटम:** साहू समाज भोपाल के जिला अध्यक्ष रविंद्र साहू 'झूमरवाला' ने स्पष्ट कहा- दोषी डॉक्टर पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर फांसी दी जाए. वहीं तैलिक साहू सभा के मीडिया प्रभारी और भोपाल किराना व्यापारी महासंघ के महामंत्री विवेक साहू ने आरोप लगाया कि आयुष्मान योजना के पैसों का दुरुपयोग करने वाले अस्पताल खुलेआम संचालित हैं. उन्होंने कहा कि सिटी केयर हॉस्पिटल के नाम से चार और अस्पताल गाइडलाइन के विपरीत चल रहे हैं, जिनकी मान्यता तत्काल रद्द हो.




**परिजनों की आंखों में आंसू, न्याय की उम्मीद**

हिंदू उत्सव समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष संतोष साहू लखपति और कैलाश साहू ने भरोसा दिलाया कि वे कलेक्टर, स्वास्थ्य मंत्री और मुख्यमंत्री से मिलकर उच्चस्तरीय कार्रवाई कराएंगे. राहुल के जीजा तीरथ साहू ने कहा राहुल अपने पीछे माता-पिता, पत्नी काजल और एक साल के बेटे शिवाय को छोड़ गया है. घर की आर्थिक हालत खराब है,शासन को परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देनी चाहिए.

# जीपीएस से हो बॉन्ड डॉक्टर्स की अटेंडेंस :शुक्ल

## ऑनलाइन एनओसी जारी, ऑफलाइन प्रक्रिया होगी समाप्त

**भोपाल, 12 अगस्त. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि बॉण्ड अवधि पूर्ण करने वाले यूजी-पीजी चिकित्सकों की वास्तविक सेवा उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए जीपीएस इनेबल्ड ऑनलाइन अटेंडेंस प्रणाली सभी संस्थाओं में लागू की जाएगी. सॉफ्टवेयर में यह व्यवस्था होगी कि एक वर्ष की अवधि पूरी होने पर ही एनओसी स्वत: जारी हो. विधिवत दायित्व निभाने वाले चिकित्सकों को ऑनलाइन एनओसी सहजता से मिलेगी और ऑफलाइन प्रक्रिया समाप्त की जाएगी.**

'सार्थक' ऐप से जुड़ेगा जियो-रेफरेंस्ड उपस्थिति सिस्टम

शुक्ल ने निर्देश दिए कि 'सार्थक' ऐप में ऐसे प्रावधान जोड़े जाएं जिससे केवल संस्था के जियो-रेफरेंस्ड क्षेत्र में मौजूद होने पर ही उपस्थिति दर्ज हो. इससे प्रक्रिया में पारदर्शिता और प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित होगी.

बैठक में प्रमुख सचिव संदीप यादव, आयुक्त तरुण राठी, एमडी एनएचएम डॉ. सलोनी सिडाना, संचालक स्वास्थ्य दिनेश श्रीवास्तव, एमडी एमपीएसईडीसी आशीष वशिष्ठ सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे.



### स्पॉट फाइन कार्रवाई पर एएचओ और कांग्रेस नेत्री में तीखी बहस

**भोपाल.** राजधानी में स्वच्छता अभियान के तहत जोन-8 के एएचओ रवींद्र यादव और जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष कसाना के बीच वार्ड-29 में निरीक्षण के दौरान तीखी बहस हो गई. गंदगी की शिकायत पर पहुंचे एएचओ ने दुकानदारों पर स्पॉट फाइन लगाना शुरू किया, जिस पर संतोष ने टारगेट कर कार्रवाई का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि कचरा गाड़ी नहीं आती और एक ही दुकानदार पर बार-बार चालान बनाना गलत है. बहस में उनके पति जितेंद्र कसाना भी शामिल हुए. एएचओ ने आरोप लगाया कि लोग शिकायत कर कार्रवाई का विरोध करते हैं.



**तिरंगा यात्रा ने थाम दी सड़क की रफ्तार**

**भोपाल.** शहर में तिरंगा रैली मंगलवार को निकाली गई. इस दौरान कंट्रोल रूम के पास जाम की स्थिति बनी रही. करीब एक घंटे के बाद राहगीरों को जाम से निजात मिली.

# विश्वविद्यालय के छात्रों की सुरक्षा के साथ हो रहा खिलवाड़

- **बसों में क्षमता से अधिक भर रहे बच्चे**

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 12 अगस्त. माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय में बस सेवा में भारी लापरवाही हो रही है. कुछ दिन पहले ही विश्वविद्यालय में निशुल्क बसों की सेवा शुरू की गई थी, लेकिन मात्र दो बसों का संचालन किया गया. जो विद्यार्थियों के हिसाब से पर्याप्त नहीं है. इस कारण बसों में निर्धारित क्षमता से अधिक छात्रों को बैठाया जा रहा है.**

छात्रों की सुरक्षा और सड़क परिवहन नियमों के साथ खिलवाड़ होता दिख रहा है. छात्रों का कहना है विश्वविद्यालय में मात्र दो बसों का संचालन किया गया है.

जबकि बस से यात्रा करने वाले छात्रों की संख्या अधिक है. जिसके कारण एक बस में क्षमता से अधिक छात्र चढ़ने की कोशिश करते हैं. और इस कारण बस में ठीक से खड़े होने की भी जगह नहीं बचती. कई लोग तो गेट पर लटक कर भी यात्रा कर रहे हैं. ऐसी स्थिति होने के बाद भी विश्वविद्यालय द्वारा अभी तक कोई कदम इस समस्या को ठीक करने के लिए नहीं उठाया गया है.



समाज में सभी गलत स्थितियों और मुद्दों को उजागर करने वाले माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय में ही इस तरह नियम-कायदों की खुलेआम अनदेखी हो रही है. जो कि पत्रकारिता की छवि को भी धूमिल करता है. छात्रों ने मांग की है कि इस अव्यवस्था पर तत्काल रोक लगाई जाए और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई हो. बसों की संख्या बढ़ाई जाये क्योंकि वर्तमान में कई छात्र रक्षाबंधन की छुट्टी पर अपने घर गए हुए हैं, लेकिन कुछ दिनों बाद छात्रों की वापसी होगी और यह संख्या बढ़ेगी.

# राजधानी में 'थूक जिहाद' से तनाव

## सावन में वायरल वीडियो से बवाल

- **हिंदू संगठनों का विरोध पुलिस ने जांच शुरू की**

**भोपाल, 12 अगस्त. राजधानी के मिसरोद क्षेत्र में 'थूक जिहाद' जैसा मामला सामने आने के बाद विवाद गहरा गया है. सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में हेलमेट पहने एक व्यक्ति को फलों की दुकान पर बैठे देखा जा रहा है. बाएं हाथ में माला और दाएं हाथ से वह बोतल में मुंह लगाता नजर आता है.**

आशंका है कि वह बोतल में थूक रहा है. इसके बाद वह बोतल दुकानदार को देता है, जो उसी पानी से ठेलों पर फलों पर छिड़काव करता दिख रहा है.



वीडियो के बाद हिंदू संगठनों ने मिसरोद थाने और फल की दुकान के सामने विरोध प्रदर्शन किया.

संगठनों ने आरोप लगाया कि लव जिहाद, ड्रग्स जिहाद, लैंड जिहाद और थूक जिहाद जैसे षड्यंत्र समाज में जहर घोल रहे हैं. उन्होंने मांग की कि सावन के पवित्र माह में ऐसी हरकत करने वालों पर कड़ी कार्रवाई हो. मिसरोद पुलिस ने वीडियो की लोकेशन की पुष्टि कर जांच शुरू कर दी है. फिलहाल वीडियो की तारीख स्पष्ट नहीं है.

# कार चोरी करने वाले शातिर चोर को पुलिस ने पकड़ा

- **कम कीमत में बेंचने की बनाई थी योजना**

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 12 अगस्त. हबीबगंज थाना पुलिस ने मंगलवार को कार चोरी करने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया. 7 लाख रूपए तक की कीमत की कार की जप्ती भी की गई.**

मामले को लेकर फरियादी ब्रजमोहन राठौर उम्र 46 साल निवासी ग्राम विशनखेडी ने थाने में मामले की रिपोर्ट की थी. फरियादी के अनुसार 08 अगस्त को नगरीय प्रशासन भवन 06 नंबर स्टाप के कार्यालय मे लगी कार खराब होने से मैने स्विफ्ट डिजायर कार को नगरीय प्रशासन भवन मे 9 अगस्त से लगा दी थी. कार को ड्रायवर अजय मीना निवासी बंजारी कोलार रोड का चलाता था. 11 अगस्त को कार को अजय मीना घर से सुबह 9 बजे लेकर गया था. दिन के करीबन 03.30 बजे अजय मीना ने ब्रजमोहन को फोन लगाकर बताया कि 06 नंबर स्टाप के पास से कार चोरी हो गई.

# अधिकारियों ने सुनी आवेदकों की समस्याएं

- **जनसुनवाई में पहुंचे 126 आवेदक**

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल,12 अगस्त. जिला कलेक्ट्रेट में मंगलवार को जनसुनवाई में आए नागरिकों की अधिकारियों ने समस्याएं सुनीं. इस दौरान अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया गया. जनसुनवाई में आए नागरिकों से 126 आवेदन प्राप्त हुए.**

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देशन में सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी के साथ इस मौके पर एडीएम अंकुर मेश्राम, पीसी शाक्य सहित अधिकारियों ने लोगों से बात की.



सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी ने हर एक आवेदक से उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया. उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रूख अपनाते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए. उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर क्षेत्र के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए.

# गायब हुए बच्चों को पुलिस ने तलाशा

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 12 अगस्त. ऐशबाग थाना पुलिस ने मंगलवार को त्वरित कार्यवाही कर 04 अपहृत नाबालिग बालको की तलाश कर उनके परिजनों को सौंपा. पुलिस ने रात भर नाबालिगों की तलाश कर 5 घंटे के अंदर अपना दस्तयाव पूरा किया.**

जानकारी के अनुसार मंगलवार को फरियादी कारी रफीक अहमद उम्र 55 साल निवासी न्यू औकाफ कालोनी ने थाने में सूचना दी. रफीक ने बताया कि वह मदरसे में बच्चो को पढाते हैं. मदरसे से चार नाबालिग बच्चे उम्र 15 साल, उम्र 10 साल, उम्र 09 साल व उम्र 09 साल के कहीं चले गये है. चारो बच्चों को परिवार के साथ आस पास, मोहल्ले, आस पड़ोस, रिश्तेदारी में तलाश किया गया. रफीक ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामले की शिकायत दर्ज कराई. जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुये सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गोविंदपुरा हाट बाजार से चारो नाबालिगों की तलाश पूरी कर परिजनो को सौंपा.



# कलखेड़ा, मुगलिया छाप में अवैध प्लाटिंग पर चली जेसीबी

## अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही जारी

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 12 अगस्त. राजधानी में अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही जारी है. मंगलवार को राजस्व विभाग, पुलिस, नगर निगम एवं जिला प्रशासन की संयुक्त टीमों ने अलग-अलग क्षेत्रों में कार्रवाई की. ग्राम कलखेड़ा तहसील हुजूर में कार्रवाई की.**

खसरा क्रमांक-240,241,242,243 कुल रकबा 0.720 हेक्टेयर पप्पू सरोणिया एवं अन्य के नाम पर है. इस पर सुदामा पटेल राजेंद्र पटेल निवासी-बरखेड़ा नाथु द्वारा की जा रही अवैध प्लाटिंग पर जेसीबी से तोड़कर कार्यवाही की गई. कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशन पर अनुविभागीय अधिकारी हुजूर विनोद सोनकिया के मार्गदर्शन में कार्रवाई की गई.




इसी प्रकार ग्राम मुगलिया छाप की भूमि खसरा क्रमांक 830/2/1, 830/ 2/2/1 कुल रकबा 1.770 हेक्टेयर जो कि सुदामा पटेल पुत्र जगन्नाथ पटेल एवं प्रताप सिंह पुत्र जगन्नाथ के नाम दर्ज है पर अवध रूप से फार्म हाउस बिना किसी सक्षम अनुमति के काटे जा थे पर जेसीबी से तोड़कर कार्यवाही की गई. जिला प्रशासन द्वारा अवैध कॉलोनियो निर्माण जैसे गैरकानूनी कार्य किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किए जाएंगे. ऐसे सभी अतिक्रमणों के विरुद्ध कठोर और निरंतर कार्रवाई की जाएगी.



# एचआईवी सघन जागरुकता अभियान की शुरुआत

- **मेगा बाइक रैली का संचालन 2 अक्टूबर तक**

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल,12 अगस्त. जिले में मंगलवार को एचआईवी एड्स सघन जागरूकता अभियान शुरू हुआ. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय भोपाल से मेगा बाइक रैली निकाली गई.**

जिसमें इस बीमारी के बचाव और मरीजों से भेदभाव न करने के संदेश दिए गए. अभियान के दौरान 15 अगस्त एवं 2 अक्टूबर को आयोजित ग्राम सभाओं में आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर, एमपीडब्ल्यू द्वारा पंचायत सचिवों से समन्वय कर एचआईवी एड्स एवं इस अभियान से जुडे एजेंडा तैयार कर चर्चा की जावेगी. बैठकों में एचआईवी प्रभावित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव रहित वातावरण का निर्माण करने एवं एचआईवी - एड्स एक्ट (प्रिवेंशन एण्ड कंट्रोल) 2017 की जानकारी दी जावेगी. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान स्वास्थ्य संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थाओं के साथ-साथ ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवसों के दौरान जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा.

जिन क्षेत्रों में एचआईवी पॉजिटिविटी अधिक है अथवा एचआईवी संक्रमण से संबंधित जोखिम का व्यवहार है. ऐसे क्षेत्रों में चिन्हित जन समुदाय हेतु एकीकृत स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये जाएँगे. इन शिविरों में टीबी, हेपेटाइटिस, एसटीआई, आरटीआई एवं एचआईवी एड्स सहित अन्य जाँचें की जाएगी. इस अवसर पर मध्यप्रदेश एड्स नियंत्रण सोसाइटी की परियोजना संचालक शुचिस्मिता सक्सेना, संयुक्त संचालक डॉ. सविता ठाकुर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. मनीष शर्मा, जिला क्षय अधिकारी डॉ. प्रांजल खरे सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ, कॉलेज विद्यार्थी, अशासकीय संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे.

**सहूलियत** | भर्ती प्रक्रिया में बड़ा बदलाव सीएम डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर होगा सुधार, साल में सीमित परीक्षाएं होंगी

# मध्यप्रदेश में मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस लागू

**भोपाल,12 अगस्त. मध्य प्रदेश की सरकार अब युवाओं की भर्ती प्रक्रिया को सरल बनाने जा रही है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस के मंत्र को आत्मसात करते हुए भर्ती परीक्षाओं में सुधार के निर्देश दिए हैं.**

मुख्यमंत्री चाहते हैं कि अलग-अलग पदों के लिए युवाओं को बार-बार परीक्षा न देनी पड़े. इसके तहत सामान्य प्रशासन विभाग ने कर्मचारी चयन मंडल एवं राज्य लोक सेवा आयोग की भर्ती नियमावली में संशोधन का प्रस्ताव तैयार किया है.



नए प्रस्ताव के अनुसार, राज्य लोक सेवा आयोग साल में केवल पाँच परीक्षाएं आयोजित करेगा, जबकि कर्मचारी चयन मंडल चार से पाँच परीक्षाएं लेगा. इन परीक्षाओं की मेरिट लिस्ट के आधार पर विभिन्न पदों के लिए पात्रता सूची तैयार की जाएगी, जिससे विभाग रिक्त पदों के हिसाब से भर्तियां कर सकेंगे. सीएम के निर्देशानुसार रिक्त पदों को समय सीमा में भरने और अभ्यर्थियों को केवल एक बार परीक्षा देकर पात्रता निर्धारित करने की व्यवस्था की जा रही है. प्रस्ताव को जल्द ही मुख्यमंत्री की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा, जिसके बाद कैबिनेट में अंतिम निर्णय लिया जाएगा. ढाई लाख से अधिक पदों पर भर्ती का रोडमैप तैयार मध्यप्रदेश सरकार ने 2028 तक लगभग ढाई लाख रिक्त सरकारी पदों पर भर्ती का रोडमैप तैयार किया है.

### शव वाहन योजना में तैयारियों की कमी, लोगों को नहीं मिल पा रहा लाभ

**भोपाल.** प्रदेश सरकार ने 29 जुलाई से नि:शुल्क शव वाहन योजना शुरू की, लेकिन अव्यवस्थाओं के कारण आमजन को इसका लाभ नहीं मिल रहा. योजना केवल जिला स्तर तक सीमित है, जिससे दूसरे जिलों के मृतकों को सुविधा नहीं मिल रही. सेंट्रलाइज्ड कॉल सेंटर व शिकायत व्यवस्था भी नहीं है. हाल ही में सिवनी हादसे में पति को पत्नी का शव बाइक से ले जाना पड़ा, वहीं छतरपुर में युवक को पिता के शव के लिए कर्ज लेकर निजी वाहन करना पड़ा. हमीदिया अस्पताल में भी दूसरे जिलों के मरीजों की मौत पर यह सेवा उपलब्ध नहीं.

### पेट्रोल पंप पर विवाद, युवक कट्टे के साथ गिरफ्तार

**भोपाल.** जहांगीराबाद क्षेत्र में पेट्रोल पंप पर हेलमेट को लेकर हुई बहसबाजी के दौरान पुलिस ने एक युवक को देशी कट्टे के साथ दबोच लिया, जबकि उसका साथी यासीन मजिस्ट्रेट फरार हो गया. गश्त के दौरान एसआई रामसजीवन वर्मा ने चिकलोद रोड स्थित राजधानी पेट्रोल पंप पर छापा मारकर प्रिंस शर्मा को पकड़ा. तलाशी में उसकी पैंट से 315 बोर का कट्टा बरामद हुआ. प्रिंस ने बताया कि कट्टा उसे यासीन ने रखने के लिए दिया था. पुलिस आते ही यासीन मौके से भाग निकला. फरार आरोपी कुख्यात अपराधी रईस रेडियो का बेटा है, जिस पर पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं. यासीन की तलाश शुरू कर दी है.